# INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

| **Class: VI( 2nd lang.)** | **Department: Hindi** | **Date :** |
|---|---|---|
| पाठ- 1. 'मातृभूमि' | Topic - प्रश्नोत्तर तथा व्याकरण भाग | Note: Pl. write in your note book. |

अति लघु उत्तरीय प्रश्न

प्रश्न 1. कोयल का मधुरगान किस ऋतु में सुनाई देता है?
उत्तर- कोयल का मधुरगान वसंत ऋतु में सुनाई देता है।

प्रश्न 2. हमारा तन-मन कौन सँवारती है?
उत्तर- बहती मलय पवन हमारा तन-मन सँवारती है।

प्रश्न 3. झरने कहाँ से झरते हैं?
उत्तर- झरने पहाड़ियों से झरते हैं।

प्रश्न 4. हिमालय पर्वत भारत की किस दिशा में स्थित है?
उत्तर- हिमालय पर्वत भारत की उत्तर दिशा में स्थित है।

प्रश्न 5. सिंधु किसके चरण तले है?
उत्तर- सिंधु भारत माता के चरणों के नीचे है।

प्रश्न 6. 'मातृभूमि' कविता के कवि कौन हैं?
उत्तर- 'मातृभूमि' कविता के कवि 'सोहनलाल द्विवेदी' हैं?

लघु उत्तरीय प्रश्न
प्रश्न 1. कविता में पवन को कैसा बताया गया है? उसका जीवन पर कैसा प्रभाव पड़ता है?
उत्तर- कविता में पवन को शीतल और खुशबूदार बताया गया है। यह हवा हमारे मन को शांति और ताजगी से भर देती है।

प्रश्न 2. भारतभूमि पर किन-किन महापुरुषों ने जन्म लिया है?
उत्तर- भारतभूमि पर गौतम बुद्ध, राम, कृष्ण आदि महान पुरुषों ने जन्म लिया है।

प्रश्न 3. "वह मातृभूमि मेरी, वह जन्मभूमि मेरी।" पंक्ति का अर्थ बताइए|
उत्तर- प्रेम के कारण कवि भारत को मातृभूमि कहता है। अंत में कवि इसे जन्मभूमि कहता है क्योंकि उसका यहाँ जन्म हुआ है।

प्रश्न 4. गौतम ने किसका यश बढ़ाया और क्या संदेश दिया?

उत्तर- गौतम ने भारत का यश बढ़ाया उन्होंने पूरे संसार को प्रेम, दया, करुणा और अहिंसा का संदेश दिया।

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

प्रश्न -1 कवि ने भारत को 'युद्ध भूमि मेरी' क्यों कहा है ?

उत्तर - कवि ने भारत को 'युद्ध भूमि मेरी' कहा क्योंकि भारत की भूमि सदा संघर्ष की भूमि रही है| यह हमें हर तरह के अभाव, अज्ञान और दुख से लड़ना सिखाती है और हमेशा आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है|

प्रश्न - 2 कविता में मातृभूमि की किन विशेषताओं का उल्लेख किया गया है?

उत्तर - कविता में मातृभूमि की इन विशेषताओं का उल्लेख किया गया है-

- इसके सिर पर ऊँचा हिमालय है।
- यहाँ गंगा-यमुना आदि पवित्र नदियाँ बहती हैं।
- यहाँ की धरती हरी-भरी है।
- यह प्रेम,शांति और ज्ञान की धरती है।

## व्याकरण भाग

**1. दिए गए शब्दों के वचन बदलिए|**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| नदी | - | नदियाँ | झरना | - | झरने |
| चिड़िया | - | चिड़ियाँ | झाड़ी | - | झाड़ियाँ |
| कोयल | - | कोयलें | हवा | - | हवाएँ |
| घोड़ा | - | घोड़े | किताब | - | किताबें |

**2. निम्नलिखित शब्दों के लिंग बदलिए**

1. पुत्र - पुत्री
2. राजा - रानी
3. छात्र - छात्रा
4. दादा - दादी
5. नौकर - नौकरानी
6. लड़का - लड़की
7. चाचा - चाची
8. शेर - शेरनी

| **3. दिए गए वाक्यों में से विशेषण शब्द चुनकर लिखिए\|** | **उत्तर** |
|---|---|
| 1. खड्गसिंह उस इलाके का प्रसिद्ध डाकू था\| | प्रसिद्ध |
| 2. विचित्र जानवर है, देखोगे तो प्रसन्न हो जाओगे\| | विचित्र |

3. मैंने भी बड़ी प्रशंसा सुनी है| बड़ी
4. कैसा पवित्र भाव हैं| पवित्र
5. बाबा भारती ने ठंडे जल से स्नान किया| ठंडे
6. बाबा गाँव से बाहर एक छोटे-से मंदिर में रहते थे| छोटे-से
7. भारत के सिर पर ऊँचा हिमालय है। ऊँचा
8. भारत में गंगा-यमुना जैसी पवित्र नदियाँ बहती हैं। पवित्र
9. श्रीकृष्ण ने मधुर बाँसुरी बजाकर मन मोह लिया| मधुर

..........................................................................

शब्दार्थ :

सिंधु- समुद्र sea

त्रिवेणी - तीन नदियों का संगम (गंगा, यमुना और सरस्वती नदियों का संगम जो प्रयाग, इलाहाबाद में है।) triple -braid: the confluence at Allahabad of Ganga and Jumna with asubterranean river called Sarasvati.

नित - प्रतिदिन daily

जगमग - चमकदार dazzling light, glitter

छटा - सुंदरता splendour, beauty

निराली - सुंदर strange, unique, beautiful

पग-पग - हर कदम पर on each step

छहर– फैलना to be scattered

पुण्य-पवित्र – auspicious, sacred

स्वर्ण - सोना - gold

अमराइयाँ- आम का बगीचा mango garden

मलय - शीतल व सुगंधित हवा, दक्षिण भारत में स्थित मलय पर्वत से आने वाली सुगंधित हवा। coming from the Malaya mountains,soft , cool and fragrant wind ( growing on the Malaya mountains the sandal trees)

रघुपति - दशरथ पुत्र राम son of king Dashrath- Ram

....................................................................................................